Seventeenth Loksabha

>

Title: Need provide potable water connections in villages of Khajusani and Baba Belakhanath on first come first serve basis under Har Ghar Nal Yojna in Pratapgarh Parliamentary Constituency.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): माननीय अध्यक्ष जी**,** माननीय प्रधान मंत्री जी ने हमारे देश की सबसे बड़ी ज्वलंत समस्या आम आदमी को पीने का पानी उपलब्ध कराने हेतु हर घर नल**-**जल योजना की घोषणा की थी। उसके बाद उससे शुद्ध पेय जल को लेकर एक आशा की किरण जागी थी। मान्यवर**,** मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के 14 विकास खंडो में अधिकांश ऐसे गांव हैं**,** जो नदी के किनारे हैं। वहां का पानी इतना खारा है कि लगाए जाने वाले हैंड पंप्स भी दो से चार महीनों में गल कर खराब हो जाते हैं और बच्चे विकलांगता के शिकार हो जाते हैं। माननीय अध्यक्ष जी**,** इस परियोजना को मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में स्वीकृति के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद पूरे देश में पहला प्रोजेक्ट मेरे द्वारा मंत्रालय को सौंपा गया एवं उसके बावजूद भी लगभग 200 करोड़ रुपये धन की उपलब्धता राज्य सरकार के पास होते हुए भी उस पर कोई कार्रवाई न होना बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से आज सरकार से आग्रह करता हूं कि मेरे जनपद मुख्यालय से लगे हुए गांव खजुरनी, बाबा बेलखरनाथ धाम सहित छोटी-छोटी नदियों के किनारे बसे गांवों में खारे पानी के कारण लोगों का जीवन जीना दूभर हो गया है, तो ऐसे में पेय जल योजनाओं को प्रथम-आगत, प्रथम स्वागत के आधार स्वीकृति प्रदान कराने की कृपा की जाए।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री संगम लाल गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।